तैंतालीसवां प्रतिवेदन

याचिका समिति

(सत्रहवीं लोक सभा)

पर्यटन मंत्रालय

(24.03.2023 को लोक सभा को प्रस्तुत किया गया)

सत्यमेव जयते

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली

मार्च, 2023/ चैत्र, 1945(शक)

सीपीबी सं. 1 खंड XLIII

© 2023 लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (सोलहवां संस्करण) के नियम 382 के अंतर्गत प्रकाशित

विषय-सूची

पृष्ठ

याचिका समिति का गठन..... (ii)

प्राक्कथन..... (iii)

प्रतिवेदन

लक्षद्वीप में पर्यटन के संवर्धन और विकास और इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में श्री प्रवीण कुमार से प्राप्त अभ्यावेदन। 1

परिशिष्ट

याचिका समिति की 23.03.2023 को हुई 28वीं बैठक का कार्यवाही सारांश।

याचिका समिति का गठन

श्री हरीश द्विवेदी - *सभापति*

सदस्य

2. श्री एंटो एन्टोनी
3. श्री हनुमान बेनीवाल
4. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक
5. श्री पी. रविन्द्रनाथ
6. डॉ. जयंत कुमार राय
7. श्री बृजेन्द्र सिंह
8. श्री सुनील कुमार सिंह
9. श्री सुशील कुमार सिंह
10. श्री मनोज कुमार तिवारी
11. श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा
12. श्री राजन बाबूराव विचारे
13. रिक्त
14. रिक्त
15. रिक्त

<u>सचिवालय</u>

1. श्री टी.जी.चन्द्रशेखर	-	अपर सचिव
2. श्री राजू श्रीवास्तव	-	निदेशक
3. श्री विवेक सैनी	-	कार्यकारी अधिकारी

याचिका समिति का तैंतालीसवां प्रतिवेदन
(सत्रहवीं लोक सभा)

प्राक्कथन

मैं, याचिका समिति का सभापति, समिति द्वारा उनकी ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किए जाने पर, लक्षद्वीप में पर्यटन के संवर्धन और विकास और इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में श्री प्रवीण कुमार से प्राप्त अभ्यावेदन पर याचिका समिति का यह तैंतालीसवां प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) सभा में प्रस्तुत करता हूँ।

2. समिति ने 23 मार्च, 2023 को हुई अपनी बैठक में 43वें प्रारूप प्रतिवेदन पर विचार किया और उसे स्वीकार किया।

3. उक्त मुद्दों पर समिति की टिप्पणियां/सिफारिशें प्रतिवेदन में शामिल की गई है।

नई दिल्ली;
23 मार्च, 2023
02 चैत्र, 1944 (शक)

श्री हरीश द्विवेदी
सभापति,
याचिका समिति

प्रतिवेदन

लक्षद्वीप में पर्यटन के संवर्धन और विकास और इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में श्री प्रवीण कुमार का अभ्यावेदन।

श्री प्रवीण कुमार ने लक्षद्वीप में पर्यटन के संवर्धन और विकास और इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में दिनांक 14.07.2022 को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था।

2. अभ्यावेदनकर्ता ने अपने अभ्यावेदन में अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया है कि लक्षद्वीप 36 छोटे द्वीपों का एक समूह है, जिनमें से केवल 10 द्वीपों पर मानव आबादी बसी हुई हैं। हालांकि, 2014 तक, इन द्वीपों का विकास विशाल उपलब्ध क्षमता के अनुरूप नहीं रहा है। भारत के दक्षिण में केरल के तट से 300 किलोमीटर दूर अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप, जो भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश है, दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थलों में से एक है जिसके बारे में आश्चर्यजनक रूप से न तो भारतीय नागरिक और न ही अंतरराष्ट्रीय यात्री ज्यादा जानते हैं। अफसोस की बात है, इन वर्षों में द्वीपों पर आने वाले पर्यटकों के लिए सबसे बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। लेकिन 2014 के बाद प्रशासन द्वारा उठाए गए प्रगतिशील कदमों ने क्षेत्र में विकास को गति और सकारात्मक दिशा दी है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री के निर्देशों के अंतर्गत, पहली बार प्रशासन ने लक्षद्वीप के भविष्य के लिए एक स्मार्ट, व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से नींव रखी है, जिसमें द्वीपों के समूह को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाना शामिल है।

3. अभ्यावेदनकर्ता ने यह भी कहा है कि पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए लक्षद्वीप प्रशासन को कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखना होगा: –

(एक) क्या पर्यटन के विकास में लक्षद्वीप अभी भी कनेक्टिविटी, आवास, जलापूर्ति, आदि जैसे बाधाओं का सामना कर रहा है। क्या यह सच है कि इन बाधाओं को दूर करने के लिए लक्षद्वीप प्रशासन ने निम्नलिखित नीतिगत निर्णय लिए गए थे:-

1. कनेक्टिविटी की बाधाओं को दूर करने के लिए, एयर इंडिया के अंतर्गत एलायंस एयर कोच्चि और आगाती के बीच सप्ताह में छह दिन एटीआर 42 विमान का संचालन कर रहा है। आगाती, कवरत्ती और बंगाराम के बीच हेलीकॉप्टर सेवा भी प्रदान की जा रही है। यात्री जहाजों में कुछ सीटें पर्यटकों के लिए भी आरक्षित हैं।
2. आवास की कमी को दूर करने के लिए, पर्यटन विभाग, लक्षद्वीप ने बंगाराम और थिन्नाकारा में टेंट आवास में 52 बिस्तर क्षमता सहित 176 से अधिक बिस्तरों की कुल बिस्तर क्षमता का निर्माण किया है। इसके अलावा, जहाज आधारित पैकेज यानी पैकेज जहां यात्री जहाज पर ही रात भर रहते हैं और दिन में द्वीपों का दौरा करते हैं, का भी आरंभ किया गया है ताकि द्वीपों पर भीड़ कम की जा सके।

3. कवरत्ती और कदमत द्वीपों में निवासियों और पर्यटकों की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लो पावर थर्मल डिसैलिनेशन प्लांट स्थापित किए गए हैं।

(दो) लक्षद्वीप प्रशासन ने लक्षद्वीप पर्यटन नीति भी अधिसूचित की है जिसमें पूरे संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप में पर्यटन के समग्र विकास की परिकल्पना की गई है। इसके अलावा, पर्यटन विभाग, संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

1. सभी वर्गों के यात्रियों के लिए वैध यात्रा दस्तावेजों के साथ मुख्य भूमि से प्रवेश/निकास के लिए लक्षद्वीप के आगाती और मिनीकॉय द्वीप समूह को अधिकृत आप्रवासन चेक पोस्ट के रूप में मान्यता दी गई है।
2. लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग देश के विभिन्न भागों में आयोजित विभिन्न मेलों और उत्सवों में भाग लेता है।
3. लक्षद्वीप की संस्कृति और रीति-रिवाजों से दुनिया के बाकी हिस्सों की अवगत कराने के लिए पर्यटन विभाग हर साल राष्ट्रीय मिनीकॉय फेस्ट आयोजित कर रहा है।
4. लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों और जल क्रीड़ा गतिविधियों पर कई लघु फिल्मों का निर्माण किया गया है।

(तीन) लक्षद्वीप को दुनिया में एक अद्वितीय और सर्वश्रेष्ठ डाइव (गोताखोरी) पर्यटन स्थल के रूप में बदलने और स्थापित करने के लिए लक्षद्वीप के सामाजिक-आर्थिक विकास के इंजन के रूप में पर्यटन को स्थापित करने के उद्देश्य से संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप ने 4 मार्च, 2016 को लक्षद्वीप पर्यटन नीति 2016 जारी की है। उनकी योजना पर्यावरण अनुकूल रिसॉर्ट्स, टूरिस्ट होम्स, क्रूज पर्यटन, समुद्र तट पर्यटन, डाइव पर्यटन, हेली-पर्यटन, फिल्म पर्यटन, अंतर-द्वीप कनेक्टिविटी में सुधार, आगाती द्वीप हवाई अड्डे का विस्तार आदि को बढ़ावा देने और सुगम बनाने की है। संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप प्रशासन का दावा है कि उन्होंने आगाती द्वीप को सीमा शुल्क बंदरगाह के रूप में अधिसूचित करने के लिए गृह मंत्रालय से मंजूरी भी प्राप्त कर ली है।

(चार) इसके अलावा, नीति आयोग ने चिन्हित द्वीपों के समग्र विकास का जिम्मा लिया है और लक्षद्वीप में पांच द्वीपों अर्थात् मिनीकॉय द्वीप, बंगाराम द्वीप, थिन्नाकारा द्वीप, चेरियम द्वीप और सुहेली द्वीप के लिए फाइनल साइट पोटेंशियल डेवलपमेंट रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है। लक्षद्वीप प्रशासन के परामर्श से चिन्हित द्वीपों के लिए परियोजनाओं के विकास की भी योजना बनाई गई है।

(पाँच) समग्र विकास योजना में इन द्वीपों की वहन क्षमता के अनुसार होटल आवास, कनेक्टिविटी और अन्य पर्यटक सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय वायु सेना द्वारा मिनीकॉय में एक हवाई अड्डे के निर्माण का भी प्रस्ताव है जो उपयोग नागरिक विमानों के लिए भी होगा।

4. अभ्यावेदनकर्ता ने यह भी बताया है कि संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप प्रशासन ने पिछले 8 से 10 वर्षों के दौरान इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को शुरू किया है, जिनका उद्देश्य लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देना और विकास करना है। तथापि, लक्षद्वीप में घरेलू पर्यटकों और विदेशी पर्यटकों के तथ्य और आंकड़े बहुत निराशाजनक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं जो निम्नवत हैं:-

- वर्ष 2015 से 2017 तक वार्षिक औसत घरेलू पर्यटकों की संख्या 10859 है जबकि वार्षिक औसत विदेशी पर्यटकों की संख्या 984 है।
- वर्ष 2019 में कुल 7805 पर्यटक आएं।
- वर्ष 1997 से 2021 तक वार्षिक औसत पर्यटक संख्या 8396 हैं।
- वर्ष 2021 में कुल 13500 पर्यटक लक्षद्वीप आएं।

5. अभ्यावेदनकर्ता ने यह भी बताया है कि यदि लक्षद्वीप में पर्यटकों के आगमन की तुलना मालदीव से की जाए, जहां समान प्राकृतिक सुंदरता और समान भौगोलिक स्थिति है, तो यह पाया जाता है कि मालदीव विश्व मानचित्र में उत्कृष्ट पर्यटन स्थान के रूप में उभरा है। वर्ष 2015 से 2022 तक मालदीव की यात्रा करने वाले पर्यटकों के तथ्य और आंकड़े निम्नवत हैं:-

2015	1.23 मिलियन
2016	1.29 मिलियन
2017	1.39 मिलियन
2018	1.48 मिलियन
2019	1.7 मिलियन
2020	1.6 मिलियन
2021	1.3 मिलियन
2022 (जून तक)	3,59,272

उपर्युक्त तुलना अपने आप में स्पष्ट है कि जहां तक लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों का संबंध है, वे पर्याप्त नहीं हैं। इसके अलावा, यह भी जांच का विषय है कि क्या लक्षद्वीप प्रशासन द्वारा पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए की गई पहलें, जिसके लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत और उपयोग किए गए हैं से वास्तव में लक्षद्वीप द्वीप

समूह का सर्वांगीण विकास हुआ है या नहीं। यह सरलता से समझने वाली बात है कि जब लक्षद्वीप आने वाले कुल पर्यटक हमेशा 15 हजार से नीचे रहे, तो हम यह दावा कैसे कर सकते हैं कि हमने लक्षद्वीप को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में बदलने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह भी पता चला है कि वर्ष 2015 में, केंद्र सरकार को लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न द्वीपों में प्रवेश और रहने पर प्रतिबंधों में ढील देने के लिए "लक्कादिव, मिनीकॉय और अमिन्दिवी द्वीप समूह (प्रवेश और निवास पर प्रतिबंध) नियम, 1967 की धारा 3 (ई) में संशोधन के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। यदि उक्त संशोधन को अनुमोदित और कार्यान्वित किया गया था, तो यह समझ से परे है कि लक्षद्वीप में पर्यटकों की आमद इतनी निराशाजनक क्यों है। इसलिए, अभ्यावेदनकर्ता ने इन सभी पहलुओं का एक स्वतंत्र अध्ययन कराने और कुछ व्यावहारिक समाधान सुझाने का अनुरोध किया है ताकि लक्षद्वीप पर्यटन का संवर्धन और विकास कम से कम मालदीव के स्तर तक पहुंच सके, यदि स्विट्जरलैंड या किसी अन्य अमेरिकी या यूरोप पर्यटन स्थलों तक नहीं तो।

6. श्री प्रवीण कुमार के अभ्यावेदन में उठाए गए मुद्दों/बिंदुओं का वास्तविक आकलन करने के लिए समिति ने 13 सितंबर, 2022 को लक्षद्वीप का ऑन-द-स्पॉट अध्ययन दौरा भी किया। उक्त अध्ययन दौरे के दौरान, समिति ने पर्यटन मंत्रालय और लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ इस अभ्यावेदन की जांच के संबंध में अनौपचारिक चर्चा की।

7. लक्षद्वीप में पर्यटन के संवर्धन और विकास से संबंधित मूलभूत जानकारी के बारे में पूछे जाने पर, पर्यटन मंत्रालय, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और नीति आयोग ने निम्नानुसार बताया: -

(एक) पर्यटन मंत्रालय वन्य जीवन, एडवेंचर ग्रामीण पर्यटन आदि जैसे प्राकृतिक पर्यटक स्थलों सहित एक संपूर्ण गन्तव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है। 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत देश के विभिन्न पर्यटक गन्तव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए चल रहे अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में यह मंत्रालय महत्वपूर्ण और संभावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org), सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से और घरेलू तथा विदेशी भारत पर्यटन कार्यालय द्वारा नियमित रूप से संवर्धन कार्य किया जाता है।

(दो) पर्यटन मंत्रालय के दो सोशल मीडिया हैंडल्स यथा @incredibleindia और @tourismgoi पर नियमित रूप से सोशल मीडिया संवर्धन किया जाता है। इस

गंतव्य की पर्यटक क्षमता को दर्शाने के लिए अन्य के साथ-साथ किए गए कुछेक सोशल मीडिया संवर्धन कार्य निम्नानुसार है -

(क) लक्षद्वीप में रमणीय स्थलों को दर्शाते हुए एक इंफ्लुएंसर गतिविधि की गई है।
(ख) द्वीप समूह की एडवेंचर पर्यटन क्षमता दर्शाने वाला स्कूबा डाइविंग पोस्ट।

(ग) भारत के एडवेंचर पर्यटन गंतव्य नामक वीडियों में लक्षद्वीप में स्नॉर्कलिंग अनुभव को दर्शाया गया। है।

(घ) तटवर्ती पर्यटन को बढ़ावा देने के भारत सरकार के व्यापक विजन के अनुपालन में कथानकों और पोस्ट्स के माध्यम से एक गंतव्य के रूप में लक्षद्वीप का नियमित विस्तार किया गया है।

(तीन) पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ देश में स्थायी तथा महत्वपूर्ण पर्यटन गंतव्यों के विकास के लिए अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना संबंधी दिशानिर्देश लक्षद्वीप सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को पहले ही जारी किए जा चुके है। लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से मंत्रालय के विचारार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है।

(चार) पर्यटन मंत्रालय भारत के विभिन्न गंतव्यों की यात्रा करने वाले घरेलू पर्यटकों और विदेशी पर्यटकों की संख्या के बारे में डाटा तैयार नहीं करता है। तथापि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के पर्यटन विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) की संख्या से संबंधित डाटा निम्नानुसार है।

वर्ष 2015 से 2017 तक वार्षिक औसत घरेलू पर्यटक यात्राओं की संख्या 10859 है जबकि वार्षिक औसत विदेशी पर्यटक यात्राओं की संख्या 984 है।
वर्ष 2019 कुल पर्यटक यात्राएं (घरेलू तथा विदेशी) 7805 है।
वर्ष 1997 से 2021 तक वार्षिक औसत पर्यटक यात्राओं की संख्या 8396 हैं।
वर्ष 2021 में घरेलू पर्यटक यात्राएं 13500 है।

(पांच) लक्षद्वीप के लिए 1997-2021 के दौरान घरेलू पर्यटक (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) से संबंधित आंकड़े निम्नलिखित तालिका में दिए गये हैं :-

वर्ष	डीटीवी	एफटीवी	कुल
1997	3700	1038	4738
1998	2058	595	2653
1999	1927	924	2851
2000	1087	597	1684
2001	3501	650	4151
2002	6173	912	7085
2003	4604	682	5286
2004	3889	1285	5174
2005	6908	941	7849
2006	22941	2142	25083
2007	16642	2933	19575
2008	1571	1699	3270
2009	6553	4309	10862
2010	7705	1512	9217
2011	9424	567	9991
2012	4417	580	4997
2013	4784	371	5155
2014	7315	514	7829
2015	17241	1173	18414
2016	8716	753	9469
2017	6620	1027	7647
2018	10435	1313	11748
2019	6985	820	7805
2020	3462	413	3875
2021	13500	4	13504
कुल	**182158**	**27754**	**209912**
औसत	7286.32	1110.16	8396

स्रोत: पर्यटन विभाग, लक्षद्वीप सरकार

(छह) नीति आयोग ने सूचित किया है कि लक्षद्वीप समूह के समग्र विकास के लिए लक्षद्वीप में पांच द्वीपों (मिनीकॉय,बंगारम, थिन्नाकारा, चेरियम और सुहेली) के लिए अवधारणा विकास योजना और विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किये गए है। इसके प्रमुख परिणामों में आतिथ्य क्षेत्र में 806 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पीपीपी एंकर योजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में मिनीकॉय द्वीपसमूह में भारत की पहली

विला परियोजनाएं (150 कीज, 319 करोड़ रुपये की परियोजना लागत), सुहेली (110 कीज, 247 करोड़ रुपये) और कदमत (110 कीज, 240 करोड़ रुपये) शामिल हैं। जुलाई 2022 में कदमत और सुहेली में जल विला परियोजनाओं को विजेता बोलीदाता रियायतग्राही को सफलतापूर्वक प्रदान किया गया था। कार्यक्रम के पहले चरण की सफलता को दोहराने के लिए लक्षद्वीप में द्वीपों के समग्र विकास के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए पैकेज V के तहत पांच नए द्वीपों को लिया गया है।

(सात) लक्षद्वीप प्रशासन ने सूचित किया है कि कनेक्टिविटी की बाधाओं को दूर करने के लिए अगाती हवाई अड्डे के विस्तार और मिनीकॉय द्वीप पर एक रक्षा हवाई अड्डे के निर्माण के प्रस्ताव चल रहे हैं। इसके अलावा लक्षद्वीप का संघ शासित प्रदेश प्रशासन द्वीपों में क्रूज जहाजों के संचालन के लिए संभावित क्रूज लाइन कंपनियों का स्वागत कर रहा है। पिछले पर्यटन सीजन के दौरान मैसर्स कार्डोलिया क्यूरिसीज ने कदमत द्वीप का दौरा किया था, जिसमें एक ही पर्यटन सीजन में कुल 25,000 पर्यटक आगमन दर्ज किये गए।

लक्षद्वीप प्रशासन आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कावारत्ती, अगाली, बंगारम और कदमत द्वीप में विश्व स्तरीय पर्यटन रिसॉर्ट्स और संबद्ध अवसंरचना की स्थापना करके पर्यटन अवसंरचनाओं का संवर्धन करने की प्रक्रिया में है। लक्षद्वीप के यूटी प्रशासन ने अगाती द्वीप पर 50 टेंट और 120 टेंट के साथ बंगारम दवीप पर टेट रिसॉर्टस के विकास के लिए आरएफपी जारी किया है।

लक्षद्वीप के पर्यटक केंद्रित द्वीपों में पेयजल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कदमत, कवरत्ती और बंगारम द्वीपों पर कम बिजली वाले धर्मल विलवणीकरण संयंत्र और आरओ संयंत्र स्थापित किए गए हैं जो निवासियों और आने वाले पर्यटकों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं।

लक्षद्वीप द्वीप समूह के समग्र विकास के संबंध में नीति आयोग, नई दिल्ली ने इन द्वीपों में समुद्र तट विला और लैगून विला सहित इको-पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए कदमत, सुहेली और मिनीकॉयद्वीपों को चिह्नित किया है। लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने कदमत और सुहेली द्वीप समूह में समुद्र तट विला और लैगून विला के विकास के लिए लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया है।

लक्षद्वीप द्वीप समूह की धारण क्षमता के संबंध में, प्रत्येक पर्यटक केंद्रित द्वीप समूह में एक बहुत ही विशिष्ट तकनीकी रूप से संगत और जनसांख्यिकीय रूप से व्यवहार्य धारण क्षमता (बिस्तर क्षमता) है। लक्षद्वीप का संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वीपों

की धारण क्षमता के भीतर पर्यटन को इस तरह से संचालित करता है कि धारण क्षमता से अधिक पर्यटकों की संख्या इन द्वीपों के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र और सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न डाल सके। जैसा कि आप जानते हैं, लक्षद्वीप देश का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश होने के नाते मालदीव की तुलना में इसमें बहुत सीमित भूमि क्षेत्र है, जिसमें लक्षद्वीप का केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन इन द्वीपों की वहन क्षमता और अन्य पारिस्थितिक पहलुओं के ढाँचे के भीतर पर्यटक अवसंरचना की स्थापना पर ध्यान केंद्रित करता है । जबकि, मालदीव भूमि क्षेत्र के संदर्भ में द्वीपों का बड़ा समूह है और हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त पर्यटक अदसंरचना और धारण क्षमता वाले कई द्वीप हैं। इसलिए, वर्तमान में लक्षद्वीप और मालदीव के बीच पर्यटकों की संख्या में विसंगति देखने को मिली है।

8. द्वीप के पर्यटन प्रोफाइल के बारे में बुनियादी जानकारी प्राप्त करने के बाद, समिति ने लक्षद्वीप के संदर्भ में स्वदेश दर्शन [चरण-1] की मुख्य विशेषताएँ/दिशानिर्देश और मात्रात्मक परिणाम और एक स्थायी और महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में लक्षद्वीप के विकास हेतु स्वदेश दर्शन 2.0 की मुख्य मुख्य विशेषताओं/दिशानिर्देशों के बारे में जानना चाहा, जिस पर पर्यटन मंत्रालय/लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/नीति आयोग ने लिखित उत्तर में निम्नलिखित जानकारी दी:-: –

<u>पर्यटन मंत्रालय</u>

(क) पर्यटन मंत्रालय ने समेकित रूप से थीम आधारित पर्यटक परिपथ के विकास के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना की शुरूआत की थी।

(ख) वर्ष 2014-15 से 2018-19 के दौरान पर्यटन मंत्रालय ने 5300 करोड़ रु से अधिक की राशि से 13 थीमों के अंतर्गत 76 परियोजनाओं को स्वीकृति दी थी।

(ग) अद्यतन स्थिति के अनुसार स्वीकृत परियोजनाओं में से 51 भौतिक रूप से पूरी हो गई हैं।

(घ) विभिन्न गंतव्यों ने पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को स्वदेश दर्शन योजना के तहत निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता आदि की शर्त पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ङ) स्वदेश दर्शन योजना की उच्चतम स्तर पर समीक्षा की गई थी और तत्पश्चात पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा महत्वपूर्ण गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में अपनी योजना को नया रूप दिया। एसडी 2.0 के दिशा-निर्देश लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र सहित सभी को जारी कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत गंतव्यों के चयन के लिए राज्य संदर्शी योजना सम्बन्धी एक प्रपत्र भी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को परिचालित किया है।

(च) योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार इस योजना का लक्ष्य आगमन से वापसी तक की पर्यटक की पूरी यात्रा के दौरान उसके पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाना है और यह इस योजना के तहत पर्यटन विकास हेतु नियोजन का मुख्य कारक होगा। तदनुसार यह योजना सम्पूर्ण गंतव्य पर फोकस करती है न कि किसी गंतव्य में यहाँ-वहाँ कुछेक घटक जोड़ने पर।

(छ) राज्य / संघ राज्य क्षेत्र विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन क्षमता का विश्लेषण करके राज्य संदर्शी योजना तैयार करेंगे। यह मंत्रालय राज्य संदर्शी योजना और निधियों की उपलब्धता के आधार पर विकास हेतु राज्य के 2-3 गंतव्यों का चयन करेगा।

(ज) चुने गए प्रत्येक गंतव्य के संदर्भ में गंतव्य मास्टर प्लान बेंचमार्किंग और विस्तृत अंतराल विश्लेषण के आधार पर तैयार किया जाएगा। इसमें प्रस्तावित हार्ड तथा सॉफ्ट इंटरवेंशन और ब्लॉक लागत सहित परियोजनाओं का समूह शामिल होगा।

(झ) मास्टर प्लान के अनुमोदन के बाद पर्यटन मंत्रालय की टूलकिट के अनुसार प्रत्येक गंतव्य के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। यह डीपीआर निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी:-

- मास्टर प्लान में शामिल सिद्धांत और सिफारिशे
- पर्यटन क्षमता, पर्यटन अवसंरचना, कार्यकलाप, कनेक्टिविटी, कौशल विकास, सुरक्षा, मार्केटिंग और संवर्धन के संदर्भ में बेंचमार्किंग और अंतराल विश्लेषण
- प्रस्तावित हार्ड और सॉफ्ट इंटरवेशन
- निर्माण पूर्व स्वीकृतियों
- प्रचालन तथा रखरखाव सम्बन्धी प्रस्ताव

(**ञ**) पर्यटन मंत्रालय ने सम्पूर्ण विजन तथा मार्गदर्शन प्रदान करने, परियोजनाओं को स्वीकृति देने, मानको की समीक्षा करने, परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने

आदि के लिए एक सुदृढ़ संस्थागत ढांचा भी तैयार किया है। इस संस्थागत ढांचे में निम्नलिखित का गठन शामिल है:-

- राष्ट्रीय संचालन समिति
- केन्द्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति
- मिशन निदेशालय

<u>लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन</u>

अगाती, कवरत्ती, बंगारम तथा थिन्नाकारा द्वीपों में 93.87 करोड़ रु. की अतिरिक्त लागत से तटवर्ती परिपथ के तहत अवसंरचना विकास हेतु अवधारणा नोट पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है। लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की टिप्पणियों के संबंध में, यह स्पष्ट किया जाता है कि परिपथ विकास को एसडी1.0 के भाग के रूप में माना गया था। अब, पर्यटन मंत्रालय ने इस योजना को एसडी 2.0 के रूप में संशोधित किया है जिसके तहत जिम्मेदार और सतत पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा।

9. लक्षद्वीप में मिनीकॉय, बांगरम, थिन्नाकारा, चेरियम और सुहेली द्वीप समूह के समग्र विकास के लिए नीति आयोग द्वारा तैयार की गई अवधारणा विकास योजना/विस्तृत मास्टर प्लान और इसके कार्यान्वयन के बारे में पूछे जाने पर, पर्यटन मंत्रालय और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/नीति आयोग ने निम्नलिखित जानकारी दी: -

<u>नीति आयोग</u>

1. लक्षद्वीप द्वीप समूह के समग्र विकास के लिए लक्षद्वीप में 5 द्वीपों (मिनिकॉय, बंगाराम, चित्राकारा चेरियम तथा सुहेली) के लिए अवधारणा विकास योजना और विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं। इसके प्रमुख परिणामों में आतिथ्य क्षेत्र में 806 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पीपीपी एंकर परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में मिनीकॉयद्वीपसमूह में भारत की पहली विला परियोजना (150 कीज़, 319 करोड़ रु. की परियोजना लागत), सुहेली (110 कीज़, 247 करोड़ रुपये) और कदमत द्वीप (110 प्रमुख 240 करोड़ रु.) शामिल हैं।

2. जुलाई 2022 में कदमत और सुहेली में जल विला परियोजनाओं को विजेता बोलीदाता रियायतग्राही को सफलतापूर्वक प्रदान किया गया था।

3. कार्यक्रम के पहले चरण की सफलता को दोहराने के लिए लक्षद्वीप में द्वीपों के समग्र के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए पैकेज v के तहत पांच नए द्वीपों को लिया गया है।

4. इस संदर्भ में अधिक सूचना गृह मंत्रालय, लक्षद्वीप प्रशासन से प्राप्त की जा सकती है।

<u>लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन</u>

पैकेज III द्वीपों के अंतर्गत समग्र विकास हेतु 5 द्वीपों पर विचार किया गया है। इन द्वीपों के समग्र विकास को बढ़ावा देने और स्थायी प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अनेक परियोजनाओं का प्रस्ताव किया गया।। इनमें चरण 2 की परियोजनाओं को पीपीपी आधारित विकास हेतु शुरू किया गया जिनमें मिनिकॉय, कदमत और सुहेली चेरियाकारा द्वीपों में बीच विला तथा लेगून विला आधारित प्रीमियर रिजॉर्ट शामिल हैं।

कदमात तथा सुहेली द्वीप की ईको पर्यटन परियोजनाओं के लिए सफल बोलीप्रदाता मैं. इंडियन होटल्स कम्पनी लि. (आईएचसीएल) को दिनांक 29.07.2022 को स्वीकृति पत्र जारी किया गया है और दिनांक 01.08.2022 को उनसे पुष्टि मिल गई है।

10. इसके बाद समिति ने 'पर्यटक मौसम' और लक्काडिव मिनीकॉयद्वीप समूह (प्रवेश तथा निवास पर प्रतिबंध) नियम, 1967 की प्रासंगिकता के सरलीकरण के बारे में जानना चाहा, जिस पर पर्यटन मंत्रालय/लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन/नीति आयोग द्वारा निम्नलिखित जानकारी दी गई: –

<u>लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन</u>

सक्षम प्राधिकारी लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र ने विदेशी पर्यटकों के लिए 'यात्रा घोषणा-पत्र' जारी करने की शक्ति एसपीओआरटीएस को प्रदान की है। लक्षद्वीप के लिए पर्यटक मौसम 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक अर्थात वर्ष में 227 दिन का होता है।

11. समिति ने लक्षद्वीप पहुंचने के लिए गोवा और मुंबई से उड़ानें शुरू करने में संदर्भ में व्यावहारिकता और प्रचालनात्मक कठिनाइयों के बारे में भी जानना चाहा, जिस पर पर्यटन मंत्रालय/लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र/नीति आयोग ने निम्नलिखित जानकारी दी:-

पर्यटन मंत्रालय

अद्यतन स्थिति के अनुसार कोच्चि को अगाती से जोड़ने वाली एक उड़ान एलायन्स एयर द्वारा एक छोटे एयरक्राफ्ट से प्रचालित की जा रही है। यदि गोवा और मुंबई से कनेक्टिविटी पर विचार किया जाता है तो इसके लिए लम्बे हवाईअड्डे की आवश्यकता होगी और इसके लिए नागर विमानन मंत्रालय सक्षम प्राधिकारी है।

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन

लक्षद्वीप का एकमात्र हवाई अड्डा अगाती द्वीप में है। रन-वे का आकर छोटा है और वर्तमान में वहां बड़े हवाईजहाज नहीं चलाए जा सकते हैं। वीजीएफ की आर्थिक व्यवहार्यता बहुत अधिक है।

12. लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अवसंरचना/सुविधाओं को बढ़ाने के लिए की गई पहलों/उठाए गए कदमों के बारे में जानने के लिए समिति ने लक्षद्वीप में अगात्ती द्वीप पर 50 टेंट और बंगारम द्वीप पर 120 टेंटों के साथ टेंट रिसॉर्ट्स के विकास के लिए लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा जारी प्रस्ताव के लिए 'अनुरोध प्रस्ताव'(आरपीएफ) के परिणाम के बारे में जानना चाहा, जिस पर पर्यटन मंत्रालय/ लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/नीति आयोग ने अपने लिखित उत्तर में निम्नलिखित जानकारी दी:-

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन

लक्षद्वीप में आवास सुविधाओं की मौजूदा कीज की संख्या बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यूटीएल प्रशासन अगाती और बांगरम में उच्च-स्तरीय रिसोर्ट के विकास में लगा हुआ है। तदनुसार पर्यटन विभाग लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र द्वारा दिनांक 10.08.2022 को 30-50 टेंटों के लिए अगाती द्वीप पर टेंट रिसोर्ट के विकास के लिए एक आरपीएफ जारी किया गया था जिसकी बोली लगने की नियत तिथि 02.09.2022 थी। इसके जवाब में बोली की नियत तिथि तारीख से पहले केवल 1 बोली प्राप्त हुई है। इसलिए पर्यटन विभाग ने दिनांक 05.09.2022 को अगाती द्वीप में टेंट रिसॉर्ट्स के विकास हेतु अधिक प्रतिस्पर्धा बोलीदाताओं को बुलाने के लिए पुन: निविदा जारी की है जिसकी बोली की नियत तारीख 27.09.2022 है। बंगारम द्वीप के मामलें में अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) दिनांक 23.08.2022 को जारी किया गया है और बोली की नियत तारीख 14.09.2022 है।

13. समिति ने आगे कदमत, कावारत्ती, और बंगारम द्वीपों में स्थापित 'तापीय विलवणीकरण संयत्रों' की समग्र प्रभावशीलता के आकलन के बारे में जानना चाहा, जिस पर पर्यटन मंत्रालय/ लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/नीति आयोग ने अपने लिखित उत्तर में निम्नलिखित जानकारी दी:-

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन

तापीय विलवणीकरण संयंत्र केवल कवरत्ती में स्थापित और संचालित किये जाते हैं। इसकी क्षमता 1,00,000 लीटर प्रतिदिन है और इसे 3 दिन में एक बार लोगों में वितरित किया जाता है। बांगरम द्वीप में एक आर.ओ. संयंत्र है जो हाल में स्थापित किया गया है और यह 50,000 लीटर प्रतिदिन प्रदान करता है। यह विशेष रूप से पर्यटकों के लिए प्रदान किया गया था। कदमत में डेढ़ लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता के थर्मल विलवणीकरण संयंत्र संबंधी प्रक्रिया चल रही है।

14. समिति ने इसके बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के प्रयासों को समझने का प्रयास किया और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा कदमत और सुहेली द्वीप समूह में 'बीच विला' और लैगून विला के विकास के लिए जारी 'स्वीकृति पत्र' के परिणाम के बारे में जानना चाहा, जिस पर पर्यटन मंत्रालय/लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/नीति आयोग ने निम्नलिखित विवरण दिया:-

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन

सफल बोली प्रदाता मेसर्स इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) को कदमत और सुहेली द्वीप ईको-पर्यटन दोनों परियोजनाओं के लिए 'स्वीकृति पत्र'(एलओए) दिनांक 29.07.2022 को जारी कर दिया गया है और दिनांक 01.08.2022 को उनसे इसकी पावती प्राप्त हुई है। मेसर्स आईएचसीएल के साथ जल्द ही रियायत समझौते पर हस्ताक्षर लिए जायेंगे।

15. पर्यटन क्षेत्र में सुधार लाने और द्वीप में घरेलू और विदेशी दोनों तरह के पर्यटकों के आगमन के लिए लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा की गई पहलों के साथ लक्षद्वीप के कार्यनीतिक महत्त्व के बारे में पूछे जाने पर, पर्यटन मंत्रालय/ लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन नीति आयोग ने निम्नलिखित जानकारी दी:-

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन

क्रूज पर्यटन शुरू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। सितम्बर, 2021 से मई, 2022 तक लगभग 24,000 पर्यटकों ने लक्षद्वीप के कदमत द्वीप की यात्रा की है। लक्षद्वीप प्रशासन पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वर्तमान कीज की संख्या में वृद्धि करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। इसमें मिनीकॉय, कदमत, सुहेली, चेरियाकरा द्वीपों में बीच विला और लैगून विला आधारित प्रीमियर रिसोर्ट और अगाती और बांगरम आदि में टेंट रिसोर्ट आवास का विकास शामिल है। लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन ने न केवल पर्यावरण-अनुकूल दर्जा प्राप्त करने के लिए बल्कि अधिक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित के लिए भी सम्भावनापूर्ण तटों के ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की है।

16. इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि पिछले 25 वर्षों (1997 से 2021) के दौरान 2,09,912 पर्यटकों (घरेलू और विदेशी) ने लक्षद्वीप का दौरा किया है समिति ने लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन/पर्यटन मंत्रालय/नीति आयोग द्वारा कई योजनाओं के, विशेष रूप से स्वदेश दर्शन 2.0 के निर्माण और कार्यान्वयन के बाद पर्यटकों की संख्या में अनुमानित वृद्धि के बारे में जानना चाहा, जिसका उत्तर निम्नानुसार है:-

<u>नीति आयोग</u>

नीति आयोग की विशिष्ट योजना "स्वदेश दर्शन 2.0 को कार्यान्वित करने का अधिकार नहीं है और नीति आयोग द्वारा लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन में को योजना कार्यान्वित भी नहीं की गई है।

<u>लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन</u>

कदमत, मिनीकॉय और सुहेली द्वीप समूह में एंकर ईको-टूरिज्म परियोजनाओं के विकास से एक पर्यटक मौसम में लगभग 50,000 पर्यटकों के लक्षद्वीप आने की आशा है। अगाती और बंगारम में टेंट रिसोर्ट सुविधाओं और सम्बद्ध अवसंरचना के विकास सहित अपेक्षित पर्यटक आगमन लगभग 35,000 होगा।

<u>पर्यटन मंत्रालय</u>

स्वदेश दर्शन 1.0 के तहत लक्षद्वीप में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है। पर्यटन मंत्रालय ने अब एसडी 2.0 के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं और सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को ये परिचालित कर दिए गए हैं। राज्य संदर्शी योजना तैयार करने का प्रारूप भी परिचालित किया गया है। राज्य से विवरण की प्रतीक्षा है और अभी तक स्वदेश योजना के तहत कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

17. समिति ने जानना चाहा कि लक्षद्वीप में पर्यटन के समग्र विकास के लिए अधिकारियों द्वारा किये गए सक्रिय उपायों के बावजूद, ऐसे कौन से कारक है, विशेष रूप से, पारिस्थितिकी तंत्र और भौगोलिक स्थिति के संदर्भ में, जो अंतत: प्राधिकारियों को लक्षद्वीप को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के समान पर्यटक आकर्षण में बदलने के लिए बाधित करेगा, जिस पर पर्यटन मंत्रालय/लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र/नीति आयोग ने निम्नानुसार जानकारी दी:-

<u>लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन</u>

पारिस्थितिकी तंत्र और भौगोलोक स्थिति के अलावा,लक्षद्वीप पर्यटन में निम्नलिखित चुनौतियां/कारक मौजूद हैं जो विकास को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करते हैं:

- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी।
- अपर्याप्त आवास सुविधाएँ।
- आक्रामक ब्रांडिंग और मार्केटिंग कार्यनीतियों का अभाव।
- ख़राब इन्टरनेट कनेक्टिविटी, आदि।
- मुख्यभूमि से प्रावधानों खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति एवं परिवहन में कठिनाईयां।

टिप्पणियां/सिफारिशें

लक्षद्वीप में पर्यटन- विकास का एक इंजन

18. समिति ने पर्यटन मंत्रालय से प्राप्त टिप्पणियों के आलोक में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने और विकास के संबंध में श्री प्रवीण कुमार के अभ्यावेदन की जांच करते हुए नोट किया कि पर्यटन दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक है क्योंकि यह परिवहन, आतिथ्य, शिक्षा, चिकित्सा, मनोरंजन, संरचनात्मक ढांचा, आदि जैसे कई अन्य क्षेत्रों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। इस उद्योग का दुनिया भर के देशों की अर्थव्यवस्थाओं के विकास में अत्यधिक महत्त्व है क्योंकि पर्यटन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करता है, व्यापार और वाणिज्य गतिविधियों को मजबूत करता है, स्थानीय संरचनात्मक ढांचे के विकास में योगदान देता है तथा गरीबी और असमानताओं को कम करता है। दुनिया भर की सरकारें स्थानीय और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन का उपयोग एक उपकरण के रूप में करती हैं। पर्यटन क्षेत्र में न केवल बड़े शहरों में बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण संकुलों में भी रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। समिति का मत है कि लक्षद्वीप क्षेत्र में पर्यटन के विकास से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने, स्थानीय लोगों को नई भाषाएं सीखने में सक्षम बनाने, सॉफ्ट स्किल्स के विकास आदि की अपार संभावनाएं हैं।

19. लक्षद्वीप के संदर्भ में, समिति ने नोट किया है कि एक ओर आर्थिक गतिविधियों का परिदृश्य अनिश्चित है तो दूसरी ओर, अनुदानों, वित्तीय पैकेजों और विभिन्न अन्य आर्थिक हस्तक्षेपों के रूप में केन्द्र सरकार पर भारी निर्भरता है। पर्यटन के विकास के साथ आर्थिक निर्भरता को देखते हुए, समिति का सुविचारित मत है कि लक्षद्वीप द्वीप- में समुद्र तटों, कोरल और लैगून की अद्भुत सुंदरता है, जिसका

उपयोग पर्यटन को बढ़ावा देने और भारी राजस्व सृजन के लिए किया जा सकता है। यद्यपि, समिति मानती है कि हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन एक प्रमुख राजस्व अर्जक के रूप में विकसित हुआ है, तथापि द्वीपों (समुद्र और उसकी पारिस्थितिकी) की प्राकृतिक परिसंपत्तियों से छेड़-छाड़ किए बिना इस क्षेत्र के विकास के लिए एक एकीकृत ब्लू-प्रिंट बनाने की आवश्यकता है, जिन्हें इस तरह से संरक्षित और सुरक्षित किया जाना चाहिए जिससे द्वीपों को दीर्घकालिक आधार पर निरंतर आर्थिक लाभ मिल सके। इसलिए, समिति लक्षद्वीप प्रशासन से आग्रह करती है कि वह सामान्य रूप से द्वीपों और विशेष रूप से पर्यटन क्षेत्र के लिए एक एकीकृत विकास ब्लू-प्रिंट तैयार करे। समिति को सही दिशा में किए गए ऐसे प्रयास के परिणाम से अवगत कराया जाए।

लक्षद्वीप द्वीप-समूह की यात्रा करने वाले पर्यटक

20. समिति नोट करती है कि प्रकृति ने लक्षद्वीप द्वीपसमूह को 36 द्वीपों के साथ 132 किलोमीटर लंबी तटरेखा प्रदान की है, जो 42 वर्ग किलोमीटर के फ़िरोज़ा लैगून क्षेत्र के साथ 20,000 वर्ग किलोमीटर की क्षेत्रीय सीमा से जुड़ा हुआ है जिसे दुनिया के एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। तथापि, समिति यह नोट कर चिंतित है कि प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध होने के बावजूद, पिछले 10 वर्षों के दौरान अर्थात 2012-13 से 2021-22 तक घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या 78,993 रही है। द्वीप के सफेद रेतीले समुद्र तटों, कोरल और विविध समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता को ध्यान में रखते हुए, समिति का अनुमान है कि द्वीप पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर वृद्धि होने की भारी संभावना है। समिति लक्षद्वीप में काफी कम संख्या में पर्यटकों के आगमन पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए पुरजोर सिफारिश करती है कि पर्यटकों के अनुकूल सुविधाएं जैसे संपर्कता, पहुंच में आसानी, सस्ते से लेकर महंगे

आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि प्रदान करने के लिए जटिल प्रक्रिया रहित कुछ व्यावहारिक समाधान खोजे जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक लक्षद्वीप की यात्रा कर सकें। समिति इस संबंध में अद्यतन स्थिति से अवगत होना चाहेगी।

संपर्कता की बाधाएं

21. समिति इस तथ्य को नोट करती है कि लक्षद्वीप को मुख्य भूमि अर्थात कोच्चि से अगाती तक को जोड़ने वाला केवल एक नैरो बॉडी एयरक्राफ्ट है । विदेश में किसी भी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से या भारत के किसी अन्य प्रमुख शहरों जैसे मुंबई, गोवा या दिल्ली आदि से कोई कनेक्टिविटी नहीं है। समिति को पर्यटन मंत्रालय/ लक्षद्वीप संघ-राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया है कि बड़े आकार के विमानों के प्रचालन और अन्य शहरों के साथ संपर्क के लिए एक पूर्ण धावन पट्टी की आवश्यकता होती है और लक्षद्वीप की भौगोलिक जटिलताओं और क्षति-प्रवण पारिस्थितिकी तंत्र के कारण, विमानन अवसंरचना के वांछित स्तर को विकसित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा । इस संबंध में, समिति मालदीव के हुलहुले द्वीप का उदाहरण देना चाहेगी जिसका क्षेत्रफल लगभग 4 वर्ग किलोमीटर है और तब भी वे एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना करने में सक्षम हैं, जो दुनिया भर के सभी प्रमुख हवाई अड्डों के साथ अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है और मालदीव में पर्यटकों के लिए एक मुख्य प्रवेश द्वार के रूप में भी कार्य कर रहा है। इसलिए, समिति लक्षद्वीप के रास्ते मालदीव की ओर विदेशी पर्यटकों के नहीं जाने का एक कारण इस द्वीप में बड़े हवाई अड्डे की अनुपलब्धता को मानती है । समिति की सुविचारित राय है कि संपर्क संबंधी बाधाओं को दूर किए बिना लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना एक सपना ही रह जाएगा। अभ्यावेदन की जांच के दौरान, समिति को यह भी बताया गया कि अगाती विमानपत्तन के विस्तार और मिनिकॉय द्वीप पर

रक्षा विमानपत्तन के निर्माण के प्रस्ताव पर सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है। इस संबंध में समिति पर्यटन मंत्रालय से इस मामले को नागर विमानन मंत्रालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय आदि जैसे अन्य संबंधित मंत्रालयों के साथ उठाने की सिफारिश करती है ताकि अगाती विमानपत्तन का विस्तार सही तरीके से शुरू किया जा सके। इस पृष्ठभूमि में, समिति यह भी सिफारिश करती है कि पर्यटन मंत्रालय को मिनिकॉय द्वीप पर एक रक्षा विमानपत्तन के निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ परिणाम-उन्मुख परामर्श प्रक्रिया भी शुरू करनी चाहिए। समिति इस संबंध में हुई प्रगति और ठोस परिणाम से अवगत होना चाहेगी।

साहसिक पर्यटन और जल क्रीड़ा का विकास

22. साहसिक पर्यटन से पर्यटकों में यह भावना आती है कि उन्होंने सफलतापूर्वक यह कार्य कर लिया है जिससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार आता है । लक्षद्वीप की यात्रा के लिए पर्यटकों को आकर्षित करने की दृष्टि से विभिन्न द्वीपों पर जल क्रीड़ा गतिविधियों के विकास, आसानी से और सस्ते दर पर उनकी उपलब्धता के लिए समिति लक्षद्वीप प्रशासन के सहयोग से पर्यटन मंत्रालय द्वारा की गई विभिन्न पहलों को नोट करती है। यह ज्ञात हुआ है कि संघ-राज्य क्षेत्र प्रशासन ने साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कवरत्ती, कलपेनी, मिनिकॉय, कदमत और बंगाराम द्वीप समूह में 'स्कूबा डाइविंग सेंटर' भी विकसित किए हैं। समिति को यह भी बताया गया है कि लक्षद्वीप प्रशासन ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से सभी प्रमुख द्वीपों के विकास के लिए विभिन्न पहलें की हैं। इस संबंध में समिति का मत है कि स्कूबा डाइविंग के अलावा साहसिक पर्यटन और जल क्रीड़ा गतिविधियों के विभिन्न पहलू हैं, जैसे नौका विहार, राफ्टिंग, नौकायन, कयाकिंग, सी वाकिंग आदि। इसलिए, समिति पर्यटन मंत्रालय से सिफारिश करती है कि वे न

केवल स्कूबा डाइविंग के अलावा विभिन्न जल क्रीड़ा गतिविधियों की पहचान करे जो लक्षद्वीप आने वाले पर्यटकों के लिए उपलब्ध हो सकती हैं बल्कि उन्हें पूर्ण संभव तरीके से प्रचारित भी करें। इस संबंध में, यह एक अत्यंत स्वीकृत तथ्य है कि साहसिक पर्यटन और जल क्रीड़ा की आसान उपलब्धता पर्यटकों को इन स्थानों पर बार बार जाने के लिए प्रोत्साहित करती है जिससे यह क्षेत्र मुख्य पर्यटन स्थल बन जाता है।

<u>क्रूज शिप पर्यटन</u>

23. समिति को बताया गया कि क्रूज-लाइनरों ने 2004 से लक्षद्वीप में परिचालन शुरू कर दिया था, जिसमें सुपरस्टार लिब्रा, यूरोपा, ओशन ओडेसी, एमेट, मेजेस्टी, अमेडा आदि जैसे क्रूज लाइनर शामिल थे। इसके अलावा, इंडियन प्रिंस, इंडिया इम्प्रेस, क्वीन के, पैलिलॉन आदि जैसे विदेशी याच का भी 2005 से संचालन किया जा रहा है। इस संदर्भ में, समिति इस बात पर प्रकाश डालना चाहती है कि क्रूज पर्यटन यात्रा का एक ऐसा रूप है जिसमें सब सुख सुविधायें रहती हैं और क्रूज जहाज की बुकिंग में ही सभी खर्चे शामिल होते हैं । आधुनिक क्रूज में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और सुख-साधन शामिल हैं जो पर्यटकों की प्राथमिकताओं के अनुरूप समुद्री यात्रा को जीवन भर का यादगार अनुभव बनाती हैं। क्रूज पर्यटन समुद्री रिसॉर्ट्स के साथ जुड़ा हुआ है जो पर्यटकों को छुट्टी बिताने का एक अलग विकल्प प्रदान करता है। तथापि, समिति ने नोट किया है कि साहसिक पर्यटन के रूप में क्रूज़ शिप के चलने की बारंबारता कम रही है जिसके कारण पर्यटक लक्षद्वीप के लिए परिवहन के इस साधन का लाभ उठाने को लेकर आशंकित हैं। इस तथ्य पर विचार करते हुए कि क्रूज पर्यटन पर्यटकों के लिए आकर्षण बन गया है, समिति सिफारिश करती है कि पर्यटन मंत्रालय/लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को नामित द्वीपों के बीच क्रूज फेरी की आवृत्ति बढ़ाने के तौर-तरीकों पर काम करना चाहिए, जिसके

लिए उन्हें पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के साथ संपर्क करना चाहिए जिससे अविलंब ठोस परिणाम प्राप्त हो सके। समिति इस प्रतिवेदन को प्रस्तुत किए जाने के तीन महीने के भीतर उपर्युक्त पहलुओं पर उठाए गए कदमों से अवगत होना चाहेगी।

नई दिल्ली,

श्री हरीश द्विवेदी
सभापति,
याचिका समिति

23 मार्च, 2023
02 चैत्र, 1945 (शक)